उत्तर प्रदेश शासन

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2

संख्या-02/2022/I/129587/2022-71-2099/2651/2020

लखनऊः दिनांक 05 जनवरी, 2022

शुद्धि-पत्र

डा0 राम मनोहर लोहिया संयुक्त चिकित्सालय का विलय डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, गोमतीनगर, लखनऊ में होने के फलस्वरूप शासनादेश संख्या-2501/71-2-19-आर0एम0-26/2016, दिनांक 15 अक्टूबर, 2019 द्वारा गैर शैक्षणिक संवर्ग के कुल 38 पदों का सृजन किया गया था। निदेशक, संस्थान द्वारा किये गये अनुरोध के क्रम में शासनादेश संख्या-I/127638/2021-71-2099/2651/2020, दिनांक 30-12-2021 द्वारा कतिपय पदों का पदनाम निम्नानुसार संशोधित किया गया है:-

क्र0	शासनादेश दिनांक 15 अक्टूबर, 2019 द्वारा सृजित पदों के पदनाम	पदों की संख्या	शासनादेश दिनांक 30-12-2021 द्वारा संशोधित पदनाम
1	चीफ फार्मासिस्ट	02	फार्मासिस्ट ग्रेड-I
2	सिस्टर	20	सिस्टर ग्रेड-II
3	फार्मासिस्ट	15	फार्मासिस्ट ग्रेड-III

2- शासनादेश दिनांक 30-12-2021 द्वारा संशोधित किया गया सिस्टर का पदनाम त्रुटिवश सिस्टर ग्रेड-I के स्थान पर सिस्टर ग्रेड-II अंकित हो गया है। अतः उक्त त्रुटि के निराकरण हेतु शासनादेश दिनांक 30-12-2021 के प्रस्तर-3 की तालिका में उल्लिखित सिस्टर पद का संशोधित पदनाम सिस्टर ग्रेड- II के स्थान पर सिस्टर ग्रेड- I पढ़ा एवं समझा जाए।

3- शासनादेश संख्या-I/127638/2021-71-2099/2651/2020, दिनांक 30-12-2021 को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाए।

(आलोक कुमार)

प्रमुख सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

<u>संख्या एवं दिनांक उपर्युक्तानुसार-</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकर, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2. अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल, उ0प्र0।
3. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
4. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5. वित्त अधिकारी, डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ।
6. वित्त ई-3/नियोजन अनुभाग-4
7. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(अशोक कुमार)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।